अप्रत्याशित मेडिकल बिलों के विरुद्ध आपके अधिकार और सुरक्षा

जब आपको किसी नेटवर्क के अंदर की सुविधा में किसी नेटवर्क के बाहर के किसी प्रदाता से आपातकालीन देखभाल या उपचार प्राप्त होता है, जिसमें अस्पताल या ऐम्बुलेटरी सर्जिकल सेंटर शामिल होते हैं, तो आपको बैलेंस बिलिंग द्वारा सुरक्षा मिलती है। इन मामलों में, आपसे आपकी योजना के सह-भुगतानों, सह-बीमा और/या कटौतियों से अधिक की वसूली नहीं की जानी चाहिए।

"बैलेंस बिलिंग" क्या है (जिसे कभी-कभार "अप्रत्याशित बिलिंग" भी कहा जाता है)?

जब आप किसी डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मिलने जाते(ती) हैं, तो आपकी कुछ विशेष जेब से बाहर के खर्चों, जैसे कि सह-भुगतान, सह-बीमा, या कटौतियों की देनदारी हो सकती है। यदि आप किसी ऐसे प्रदाता से मिलते(ती) हैं या किसी ऐसी स्वास्थ्य देखभाल इकाई में जाते(ती) हैं जो आपकी स्वास्थ्य योजना नेटवर्क में न हो तो आपके अतिरिक्त खर्च भी हो सकते हैं या आपको पूरा बिल अदा करना पड़ सकता है।

"नेटवर्क से बाहर" का अर्थ है वे प्रदाता और इकाइयाँ जिन्होंने आपकी स्वास्थ्य योजना के साथ सेवाएँ प्रदान करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। नेटवर्क से बाहर के प्रदाताओं को आपसे आपकी योजना की अदायगी और उनकी सेवा के खर्च के अंतर की राशि प्राप्त करने की अनुमति हो सकती है। इसे "बैलेंस बिलिंग" कहा जाता है। यह राशि एक ही सेवा के लिए संभव रूप से नेटवर्क के अंदर के खर्चों से अधिक होती है और हो सकता है कि यह आपकी योजना की कटौती या वार्षिक जेब से बाहर की सीमा में न गिनी जाए।

"अप्रत्याशित बिलिंग" अनपेक्षित बैलेंस बिल होता है। यह तब हो सकता है जब यह आपके नियंत्रण में नहीं होता कि आपकी देखभाल में कौन शामिल है—जैसे कि जब आप किसी आपातकालीन स्थिति में होते(ती) हैं या जब आप किसी नेटवर्क के अंदर की इकाई में विजिट तय करते(ती) हैं लेकिन आपका इलाज अनपेक्षित रूप से नेटवर्क के बाहर के किसी प्रदाता के द्वारा कर दिया जाता है। अप्रत्याशित मेडिकल बिलों का खर्च प्रक्रिया या सेवा पर निर्भर करते हुए हजारों डॉलर हो सकता है।

आपको निम्नलिखित चीज़ों के लिए बैलेंस बिलिंग से सुरक्षा मिलती है:

आपातकालीन सेवाएँ

यदि आप किसी आपातकालीन मेडिकल स्थिति में हों और आप नेटवर्क के बाहर के किसी प्रदाता या इकाई, से आपातकालीन सेवाएँ प्राप्त कर लें, जिसमें अस्पताल और एम्बुलेटरी सर्जरी केंद्र शामिल हैं तो वे आपको अधिकतम आपकी योजना की नेटवर्क के अंदर के खर्च-साझाकरण राशि (जैसे कि सह-भुगतान, सह-बीमा, और कटौतियों) का बिल दे सकते हैं। आपको इन आपातकालीन सेवाओं के लिए बैलेंस बिल नहीं दिया जा सकता। इसमें वे सेवाएँ शामिल हैं जो आप स्थिर हालत में होने के बाद प्राप्त कर सकते(ती) हैं, जब तक कि आपकी लिखित सहमति न हो और स्थिर होने के बाद की इन सेवाओं के लिए बैलेंस बिल किए जाने की अपनी सुरक्षा का अधिकार त्याग न दें।

कृपया फ्लोरिडा के कानून के बारे में जानकारी नीचे देखें।

किसी नेटवर्क के अंदर की सुविधा की कुछ सेवाएँ

जब आप किसी नेटवर्क के अंदर की सुविधा से सेवाएँ प्राप्त करते(ती) हैं जिसमें अस्पताल या औषधालय सर्जिकल केंद्र शामिल हैं तो वहाँ कुछ विशेष प्रदाता नेटवर्क से बाहर के हो सकते हैं। इन मामलों में, वे प्रदाता आपको अधिकतम आपकी योजना की इन-नेटवर्क खर्च-साझाकरण राशि का बिल दे सकते हैं। यह आपातकालीन दवा, एनेस्थीशिया, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, प्रयोगशाला, नियोनेटोलॉजी, सहायक सर्जन, हॉस्पिटलिस्ट, या इन्टेंसिविस्ट सेवाओं पर लागू होता है। ये प्रदाता आपको बैलेंस बिल नहीं कर सकते और बैलेंस बिल न करने की आपकी सुरक्षा त्यागने को नहीं कहेंगे।

यदि आप इन इन-नेटवर्क इकाइयों पर अन्य किस्म की सेवाएँ प्राप्त करते(ती) हैं, तो नेटवर्क के बाहर के प्रदाता आपको बैलेंस बिल नहीं कर सकते, अन्यथा आप लिखित सहमति दें और अपनी सुरक्षाएँ त्याग दें।

AdventHealth
feel whole.

बैलेंस बिलिंग से अपनी सुरक्षाएँ त्यागना आपके लिए कभी नहीं आवश्यक नहीं होता। नेटवर्क के बाहर की देखभाल प्राप्त करना भी आपके लिए कभी भी आवश्यक नहीं होता। आप अपनी योजना के नेटवर्क में कोई प्रदाता या इकाई चुन सकते(ती) हैं।

कृपया फ्लोरिडा के कानून के बारे में जानकारी नीचे देखें।

जब बैलेंस बिलिंग की इजाज़त नहीं होती, तो आपके पास ये सुरक्षाएँ भी होती हैं:

- आप केवल खर्च के अपने हिस्सा का भुगतान करने के लिए ज़िम्मेदार हैं (जैसे कि सह-भुगतान, सह-बीमा, और कटौतियाँ जिसका भुगतान आप तब करते(ती) यदि प्रदाता या सुविधा नेटवर्क के अंदर होते)। आपकी स्वास्थ्य योजना किसी भी अतिरिक्त खर्चों का भुगतान नेटवर्क के बाहर के प्रदाताओं और इकाइयों को सीधे तौर पर करेगी।
- सामान्य रूप से, आपकी स्वास्थ्य योजना ये चीज़ें अवश्य करती होनी चाहिए:
  - सेवाओं के लिए अग्रिम रूप से अनुमोदन लेने की आवश्यकता के बगैर आपातकालीन सेवाओं को कवर करना (जिसे "पूर्व अनुमोदन" कहा जाता है)।
  - नेटवर्क के बाहर के प्रदाताओं द्वारा आपातकालीन सेवाएँ कवर करना।
  - प्रदाता या सुविधा (लागत-साझाकरण) के आधार पर आप नेटवर्क प्रदाता या सुविधा को कितना भुगतान करेंगे(गी) और उस राशि को आपके लाभों के स्पष्टीकरण में दिखाएंगे।
  - आपातकालीन सेवाओं या नेटवर्क से बाहर की सेवाओं के लिए आपके द्वारा अदा की जाने वाली किसी भी राशि को आपकी नेटवर्क के अंदर की कटौती और जेब से बाहर की सीमा में गिनेगी।

फ्लोरिडा का कानून

फ्लोरिडा के कानून में सामान्य रूप से बैलेंस बिलिंग की वे समान सुरक्षाएँ शामिल हैं जो गैर-अप्रत्याशित अधिनितयम (इस नोटिस में वर्णन किए अनुसार) के अधीन शामिल हैं, बजाए इसके कि यदि आपकी कोई विशेष किस्म की स्वास्थ्य योजना है (यानी कि पूर्ण रूप से वित्तपोषित वाणिज्यिक योजनाएँ, जैसे कि पसंदीदा प्रदाता ("PPO") या विशिष्ट प्रदाता योजनाएँ ("EPO")), तो आपका प्रदाता आपको आपकी इन-नेटवर्क, खर्च-साझाकरण राशि से अधिक का बिल नहीं दे सकता, फिर चाहे आप सहमति भी क्यों न दे दें। यदि आपके पास इनमें से कोई एक योजना है, तो फ्लोरिडा एक तत्काल देखभाल केंद्र में प्रदान की जाने वाली बीमाकृत आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सेवाओं के लिए बैलेंस बिलिंग सुरक्षाओं को भी बढ़ाता है। यदि आप इसको लेकर अनिश्चित हैं कि आपके पास इनमें से कोई योजना है या नहीं, तो कृपया अपना बीमा कार्ड देखें, अपने बीमा कैरियर को कॉल करें या संपर्क करें AdventHealth मरीज़ वित्त सेवाओं को 1-800-952-5462 पर।

यदि आपको लगता है कि आपका गलत तरीके से बिल बना दिया गया है, तो HHS No Surprises हेल्पडेस्क से 1-800-985-3059 पर संपर्क करें, जो संघीय बैलेंस या अप्रत्याशित बिलिंग सुरक्षा कानून लागू करने के लिए ज़िम्मेदार इकाई है। संघीय कानून के अधीन आपके अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.cms.gov/nosurprises/consumers पर जाएँ।

फ्लोरिडा में दावों से जुड़े मुद्दों का समाधान करने के लिए एक स्वतंत्र विवाद निपटान प्रक्रिया भी है, जिसमें अनुचित बैलेंस बिलों की प्राप्ति को लेकर आपके प्रदाता या बीमा योजना के साथ विवाद शामिल हैं। यदि आपको आपके प्रदाता की ओर से एक अनुचित बैलेंस बिल प्राप्त हुआ है, तो आप https://www.fdacs.gov/# पर जाकर फ्लोरिडा कृषि विभाग और उपभोक्ता सेवाओं के साथ शिकायत दर्ज कर सकते(ती) हैं। यदि आपको आपके बीमाकर्ता की ओर से एक अनुचित बैलेंस बिल प्राप्त हुआ है, तो आप https://myfloridacfo.com/division/consumers/ पर जाकर फ्लोरिडा बीमा विनियमन कार्यालय, वित्त सेवाएँ विभाग, के साथ शिकायत दर्ज कर सकते(ती) हैं।

21-LSFL-13675